Query-(01) [illegible]
C.O (Q)

मनमोहन भड़ाना
विधायक, समालखा

Manmohan Bhadana
MLA, Samalkha

सेवा में,

सचिव,
हरियाणा विधान सभा,
चंडीगढ़

विषय : विधान सभा के माध्यम से विभागीय जानकारी लेने बारे | / Query

महोदय,

आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि पानीपत में ड्रेन न. 2 शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के साथ से गुजरती है | औद्योगिक शहर होने के कारण यहाँ फैक्ट्रियाँ और डाई हाउस काफी मात्रा में चल रहे हैं | इन औद्योगिक इकाइयों में इस जल (effluent) को शोधित करने की कोई व्यवस्था नहीं है जिस वजह से ये टैंकर में भर कर यह दूषित पानी रात के समय ड्रेन में छोड़कर ड्रेन के पानी के दूषित होने का बड़ा कारण बन रहे हैं | फैक्ट्री संचालकों के इस कार्य के चलते ड्रेन का पानी तो दूषित हो ही रहा है आसपास की कृषि भूमि और भूजल पर भी बहुत बुरा असर पड़ा रहा है जो बहुत ही गंभीर विषय है |

इस विषय में मैं हरियाणा विधान सभा के माध्यम से हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व सिंचाई विभाग से निम्न अनुसार जानकारी प्राप्त करना चाहता हूँ –

1. **ड्रेन न. 2 के पानी को फैक्ट्री के रसायन युक्त पानी से बचाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पिछले 3 वर्षों में क्या – क्या कदम उठाए और टैंकर से दूषित पानी डालने वालों पर क्या – क्या कार्रवाई की गई ?**
2. **सिंचाई विभाग ने ड्रेन न. 2 के पानी को स्वच्छ रखने के लिए पिछले 3 वर्षों में क्या – क्या कदम उठाए? भविष्य में ड्रेन के पानी को सिंचाई योग्य रखने के लिए विभाग की क्या योजना है ?**

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि संबंधित विभाग से उपरोक्त जानकारी प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाने का कष्ट करें |

धन्यवाद

मनमोहन भड़ाना

Resi.: House No. 114, Sector-16-A, Faridabad-121002 (Haryana)
Office: Nahar Kutir, G.T. Road, Village Karhans, Samalkha (Panipat) - 132103
E-mail ID : mbhadana@hotmail.com